**PROF. SANJAY KUMAR**
**PROFESSOR AND HOD**
**P.G. DEPTT OF GEOGRAPHY**
**M.B.R.R.V.PD.SINGHCOLLEGE,**
**(MAHARAJA COLLEGE), ARA,**
**V.K.S.UNIVERSITY, BIHAR**

**इसे भी जानिए**

# For CUET/NET EXAMINATION

**इसे भी जानिएः**

1. **चौर-** किसी प्राचीन नदी या जलीय भाग के छोड़े हुए हिस्से को आमतौर पर चौर कहा जाता है। बरसात के दिनों में जल से भरा रहने के कारण धान की खेती के लिए चौर उपयुक्त होता है।
2. **टाल -** पेड़-पौधारहित वृहत बेसिननुमा लगभग मैदानी आकृति जिसमें बरसाती पानी बुहत दिनों तक रुका रहता है, टाल कहलाता है। उदाहरण के लिए- मोकामा टाल, बाढ़ टाल, बड़हिया टाल ।
3. **दियरा भूमि** - नदी किनारे की वह भूमि जो वर्षा काल में नदी के पानी से भर जाता है और शेष दिनों में खेती के लायक रहता है, दियरा भूमि कहलाता है।
4. **झील-** तालाब से बड़ा और गहरा वह वृहत जलीय भाग, जो सामान्यतः चारों ओर से भूमि से घिरा होता है, झील कहलाता है। उदाहरण के लिए- काँवर झील, डल झील आदि।
5. **आर्द्रभूमि -** किसी नदी या जलीय भाग का छोड़ा हुआ वह हिस्सा जो आज सालोंभर स्थिर जल से भरा रहता है, आर्द्रभूमि कहलाता है। भारत का सबसे बड़ा आर्द्रभूमि क्षेत्र सुंदरबन है। जबकि रेणुका वेटलैंड भारत का सबसे छोटा आर्द्रभूमि (वेटलैंड) है।
6. बिहार में **आर्द्रभूमि** के अंतर्गत रामसर स्थल छः है।
    1. काबर झील- बेगूसराय
    2. नागी पक्षी अभयारण्य-जमुई
    3. नकटी पक्षी अभयारण्य-जमुई
    4. गोगाबिल झील- कटिहार
    5. गोकुल जलाशय-बक्सर
    6. उदयपुर झील-प. चंपारण

DON'T COPY SANJAY, ARA

7. प्रकृति की विविधता और इसकी अखंडता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 1948 में अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की स्थापना की गई । इसका मुख्यालय ग्लैंड,स्वीट्जरलैंड में है। भारत इस संगठन का सदस्य 1969 में बना ।
8. भूवैज्ञानिकों के अनुसार मोड़दार पर्वतों का निर्माण तीन चरणों में हुआ है। सबसे पहले आज से लगभग 330 मिलियन वर्षों पूर्व मोड़दार पर्वतों का निर्माण हुआ ,जिसे **कैलिडोनियन पर्वत** कहा गया है। उदाहरण के लिए- दक्षिण अफ्रीका स्थित ड्रेकेन्सबर्ग पर्वत, ब्राजील स्थित डीलामार पर्वत और चीन स्थित तियेनशान पर्वत इत्यादि। इसके बाद लगभग 220 मिलियन वर्षों पूर्व भूसंचलन या हलचल से मोड़दार पर्वतों का निर्माण हुआ ,जिसे **हर्सिनियन पर्वत** कहा गया है। उदाहरण के लिए- एशिया और यूरोप के बीच यूराल पर्वत, पूर्वी अमेरिका में अप्लेशियन पर्वत, पूर्वी आस्ट्रेलिया में ग्रेट डिवाइडिंग रेंज तथा जर्मनी स्थित हार्ज पर्वत इत्यादि। सबसे अंत में यानी निर्माण की दृष्टि से सबसे नया होने के कारण 120 मिलियन वर्षों पूर्व बने मोड़दार पर्वतों को नवीन मोड़दार पर्वत या **अल्पाइन पर्वत** कहा जाता है। उदाहरण के लिए- सभी नवीन मोड़दार पर्वत ,जिसमें हिमालय पर्वत, आल्पस पर्वत, एटलस पर्वत, रॉकी पर्वत, एंडीज पर्वत और कुनलुन पर्वत इत्यादि शामिल हैं।

9. -

| **क्या आप जानते हैं?** | |
|---|---|
| **चोटियों के नाम** | **पर्वत का नाम** |
| 1. माउंट एवरेस्ट | हिमालय |
| 2. माउंट के 2 | हिमालय |
| 3. माउंट कंचनजंघा | हिमालय |
| 4. माउंट भिंसन | अंटार्कटिका |
| 5. माउंट कम्यूनिजम | पामीर |
| 6. माउंट कॉसिस्को | ग्रेट डिवाइडिंग रेंज |
| 7. पीपुल्स पीक | यूराल |
| 8. माउंट इलब्रुस | काकेशस |
| 9. माउंट ब्लैंक | आल्पस |
| 10. माउंट एकोंकागुआ | एंडीज |

DONT COPY SANJAY ARYA

10. –

- नॉर्डिक राज्य- नार्वे, स्वीडेन,फिनलैंड और डेनमार्क शामिल है।
- स्केण्डेनेवियन राष्ट्र - नार्वे, स्वीडेन और फिनलैंड शामिल है।
- बाल्टिक राज्य-लिथुआनिया, लाटविया और एस्टोनिया शामिल है।
- ऐंडियन समूह - बोलिविया, चिली, कोलंबिया, इक्वेडोर,पेरू और वेनेजुवेला शामिल है।
- युनाईटेड किंगडम - ईंग्लैंड,स्कॉटलैंड,वेल्स और उत्तरी आयरलैंड शामिल है।
- ग्रेट ब्रिटेन- - इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स शामिल है।
- बहामा द्वीप समूह- बहामा का राषेट्रकुल देश।
- लेसर एंटीलीज- बर्जिन द्वीप, ट्रिनिडाड, टोबेगो, वेनेजुवेला के उत्तर में स्थत देश।
- ग्रेटर एंटीलीज- क्यूबा, हैती, जमाइका(जैमेका),पोर्टरिको और डोमिनिक गणराज्य।
- दक्षिण एशिया- हिन्द महासागर के उत्तर में स्थित देश जहाँ धान की खेती का प्रचलन है।
- दक्षिण- पश्चिम एशिया- मोरक्को से लेकर ईरान तक का अरब संस्कृति प्रधान क्षेत्र के देश।

11. बिहार में दो टाइगर रिजर्व हैं - एक वाल्मीकि टाइगर रिजर्व और दूसरा कैमूर टाइगर रिजर्व।
12. सभी प्रकार के ग्लोब में तीन प्रमुख गुण होते हैं-

1. इसमें पृथ्वी का सही **प्रतिरूप/क्षेत्रफल** दिखता है।(HOMOLOGRAPHIC)
2. इसमें महाद्वीपों और देशों की सही **आकृति** दिखती है।(ORTHOMORPHIC)
3. ग्लोब पर **दिशाएँ** हमेशा सही दिखती है।(AZIMUTHAL)

इसके अलावा -

- ग्लोब पर अक्षांश और देशांतर रेखाओं की जाल की सहायता से किसी भी स्थान को ढूंढना सरल होता है। वर्तमान समय में मोबाईल भी जी.पी.एस. की सहायता से ही किसी स्थान की अक्षांश और देशांतर रेखाओं की जानकारी के साथ तिथि और समय की जानकारी साझा करता है।
- विषुवत् रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ने पर दो देशांतर रेखाओं के बीच की दूरी घटती जाती है, यह ग्लोब को देखकर आसानी से समझा जा सकता है।

DON'T COPY SANJAY, ARA

13. 1800 के दशक में 3 ईंच से छोटा पॉकेट ग्लोब जैंटिलमैन और अमीर बच्चों के शैक्षिक खिलौने के प्रतीक (स्टेटस सिंबल) होते थे।

- ✓ भारत का प्राचीन शहर उज्जैन खगोल विधा का प्रमुख केन्द्र रहा है।
- ✓ इसी उज्जैन शहर से वराहमिहिर संबंधित हैं।
- ✓ सबसे पुराना उपलब्ध ग्लोब एरदाफेल (Erdapfel) है।
- ✓ एरदाफेल ग्लोब को मार्टिन बेहैम द्वारा (1492) जर्मनी के नूनबर्ग में बनाया गया था।
- ✓ ग्लोब शब्द लैटिन शब्द ग्लोबस से बना है।
- ✓ ग्लोब का पहला उल्लेख स्ट्रेबो ने किया था।
- ✓ सबसे बड़ा घूमने वाला ग्लोब का नाम "अर्था" (Eartha)है।
- ✓ सबसे बड़ा घूमने वाला ग्लोब "अर्था" यारमाउथ, मेन अमेरिका में स्थित है।
- ✓ भारत में सबसे बड़ा ग्लोब-ग्लोबॉइड है।यह कोलकाता में स्थित है।
- ✓ ग्लोब अपने अक्ष पर $23.5^0$ झुक गई है।
- ✓ ग्लोब के अक्ष का मान $66.5^0$ है।

14. पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण , इन चारों दिशाओं को चतुर्दिश या प्रधान बिन्दु (cardinal points) कहते हैं।

15. नअक्षांश एवं देशांतर मिलकर किसी एक स्थान के दो निर्देशांक होते हैं। ग्लोब पर उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव ऐसे ही दो बिन्दु हैं जिन्हें **आधारभूत संदर्भ बिन्दु** कहा जाता है। इन दोनों बिन्दुओं का स्थान निश्चित है। उत्तरी ध्रुव ग्लोब या पृथ्वी पर सबसे उत्तरी स्थान है जबकि दक्षिणी ध्रुव सबसे दक्षिणी स्थान है।

16. -

1. $0^0$ अक्षांश रेखा -**विषुवत् रेखा** या भूमध्य रेखा (Equator)
2. $23^0 30'(23{}^1/_2{}^0)$उत्तरी गोलार्ध की अक्षांश रेखा - **कर्क रेखा** या कर्क वृत (Tropic of Cancer)
3. $23^0 30'(23{}^1/_2{}^0)$दक्षिणी गोलार्ध की अक्षांश रेखा - **मकर रेखा** या मकर वृत (Tropic of Capricorn)
4. $66^0 30'(66{}^1/_2{}^0)$उत्तरी गोलार्ध की अक्षांश रेखा - **आर्कटिक रेखा** या आर्कटिक वृत (Arctic Circle)
5. $66^0 30'(66{}^1/_2{}^0)$दक्षिणी गोलार्ध की अक्षांश रेखा- **अंटार्कटिक रेखा** या अंटार्कटिक वृत (Antarctic Circle)
6. $90^0$ उत्तरी गोलार्ध - **उत्तरी ध्रुव** (North Pole)
7. $90^0$ दक्षिणी गोलार्ध - **दक्षिणी ध्रुव** (South Pole)

DONT COPY SANJAY ARA

17. -

**1.उष्ण कटिबंध ---**यह विषुवत् रेखा से दोनों तरफ कर्क और मकर रेखा के बीच पाया जाता है। कर्क और मकर रेखा के बीच इस कटिबंध में पड़ने वाले अक्षांशों पर साल में एक दिन सूर्य की किरणें लंबवत् अवश्य पड़ती हैं। इस कारण यहाँ सबसे अधिक गर्मी पड़ती

**2.शीतोष्ण कटिबंध** ---दोनों गोलार्धों में कर्क रेखा से आर्कटिक रेखा और मकर रेखा से अंटार्कटिक रेखा के बीच शीतोष्ण कटिबंध पाया जाता है। इस कटिबंध में दिन और रात की घटना वर्षभर होती है। सूर्य की किरणें यहाँ कभी भी लंबवत् नहीं पड़ती बल्कि सूर्य की किरणें तिरछी पड़ने के कारण यहाँ न तो अधिक गर्मी और न ही अधिक सर्दी पड़ती है।

**3.शीत कटिबंध** ---उत्तरी गोलार्ध में आर्कटिक वृत से उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी गोलार्ध अंटार्कटिक वृत से दक्षिणी ध्रुव के बीच शीत कटिबंध पाया जाता है। इस कटिबंध में सूर्य की किरणें अत्यधिक तिरछी होने के कारण नहीं पहुँच पाती है। यहाँ छह महीने का दिन और छह महीने की रात होती है। फलतः यहाँ सदैव ठंढ पड़ती है।

18. -

| **क्र.स.** | **संरक्षित जैवमंडल** | **राज्य** | **वर्ष** |
|---|---|---|---|
| 1. | **नीलगिरि** | तमिलनाडु,केरल,कर्नाटक | 1986 |
| 2. | **नंदा देवी** | उत्तराखंड | 1988 |
| 3. | **नोकरेक** | मेघालय | 1988 |
| 4. | **सुंदरबन** | पश्चिम बंगाल | 1989 |
| 5. | **मन्नार की खाड़ी** | तमिलनाडु | 1989 |
| 6. | मानस | असम | 1989 |
| 7. | **बड़ा निकोबार** | अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह | 1989 |
| 8. | **सिमलीपाल** | ओडिशा | 1994 |
| 9. | डिब्रू-सैखोवा | असम | 1997 |
| 10. | दिहांग-दिबांग | अरूणाचल प्रदेश | 1998 |
| 11. | **पंचमढ़ी** | मध्य प्रदेश | 1999 |
| 12. | **कंचनजंघा** | सिक्किम | 2000 |
| 13. | **अगस्त्यमलाई** | तमिलनाडु,केरल | 2001 |
| 14. | **अचानकमार-अमरकंटक** | मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ | 2005 |
| 15. | कच्छ का रण | गुजरात | 2008 |
| 16. | कोल्ड डेज़र्ट | हिमाचल प्रदेश | 2009 |
| 17. | शेषचलम पहाड़ियाँ | आंध्र प्रदेश | 2010 |
| 18. | **पन्ना** | मध्य प्रदेश | 2011 |

DON'T COPY SANJAY ARA

19. -

यदि $0^0$ और $180^0$ देशांतर रेखाओं को ग्लोब पर एक-दूसरे से मिला दिया जाय तब दोनों मिलकर एक पूर्ण वृत्त का रूप ले लेगी। इसी तरह, किसी यदि देशांतर रेखा को उसके विपरीत की देशांतर रेखा से मिला दिया जाय तो वह एक वृत्त की रचना करेगा जिसे **दीर्घ वृत्त (great circle)** कहा जाता है।

20. -

**बिहार के प्रमुख अभ्यारण्य एवं उधान-**

1. बाल्मीकिनगर बाघ अभ्यारण्य(प. चंपारण)
2. कैमूर अभ्यारण्य(रोहतास)
3. पंत वन्य जीव अभ्यारण्य(राजगीर,नालंदा)
4. गौतम बुद्ध अभ्यारण्य(गया)
5. रजौली वन्य जीव अभ्यारण्य (नवादा)
6. भीमबाँध वन्य जीव अभ्यारण्य(मुंगेर)
7. उदयपुर वन्य जीव अभ्यारण्य(प. चंपारण)
8. नागी डैम पक्षी अभ्यारण्य (जमुई)
9. नकटी डैम पक्षी अभ्यारण्य (जमुई)
10. काबर झील पक्षी अभ्यारण्य (बेगूसराय)
11. कुशेश्वर स्थान पक्षी अभ्यारण्य (दरभंगा)
12. बरैला झील पक्षी अभ्यारण्य (वैशाली)
13. विक्रमशिला गांगेय डाल्फिन अभ्यारण्य (भागलपुर)
14. संजय गाँधी जैविक उधान(पटना)

DON'T COPY SANJAY, ARA

21. - **Different of relief features:**

- First order- Continents and Oceans
- Second order- Mountains, Plateaus, Plains, Lakes, Valleys etc.
- Third order- Different sub-types of second order likes- fold mountains, river valley, karst valley, deltas, dunes, peniplane, coastal plain, lava plateau etc.

22. - J.W.Powell of America has gave the genetic classification of river vallies likes- antecedent, superimposed, consequent valley.

    - He also postulated the LIMIT OF MAXIMUM VERTICAL EROSION by streams and proposed the ter, BASE LEVEL OF EROSION determined by the sea level.

Contd……….

THANK YOU

DON'T COPY SANJAY ARA